राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)–462033
फोन : 0755–2678838, 2678855
ईमेल : ce@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2678838, 2678855
Email : ce@rgtu.net
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक / रा.गां.प्रौ.वि. / परीक्षा / 2022 / 2174

भोपाल, दिनांक : 27/09/2022

प्रति,

प्राचार्य / संचालक / परीक्षा अधीक्षक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय : अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधानांर्तगत अंतिम अनुकम्पा अवसर के संबंध में अनुदेश।

उपरोक्त विषयांर्तगत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विभिन्न अध्यादेशों में पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि का उल्लेख किया गया है। इस अवधि के उपरांत अध्यादेश क्रमांक 12 की कंडिका क्रमांक 24.1.4 (वेवसाइट rgpv.ac.in पर उपलब्ध है) के अंतर्गत 01 अंतिम अनुकंपा अवसर का प्रावधान है जिसका पूर्णरूपेण अवलोकन करना आवश्यक है। प्रावधानुसार केवल ऐसे छात्रों को यह अंतिम अवसर प्रदान किया जावेगा जिनकों डिग्री / उपाधि पूर्ण करने में अधिकतम 05 थ्योरी / सैद्धांतिक तथा 05 प्रेक्टिकल / प्रायोगिक विषयों में अनुर्तीण है। स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित बैठने वाले छात्रों का इस अंतिम अनुकम्पा अवसर में पात्रता निर्धारित नही की जावेगी। नियमानुसार पात्रता होने पर छात्र इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ आगामी परीक्षा दिसम्बर–2022 में प्राप्त कर सकते है। इस अंतिम अनुकंपा अवसर **दिसम्बर–2022** की परीक्षा के पश्चात् किसी भी छात्र को आगामी परीक्षा में इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ नही दिया जा सकेगा अथवा परीक्षा में सम्मिलित नही किया जा सकेगा। निम्न तालिका के कॉलम क्रमांक 3 में उल्लेखित प्रवेश वर्ष में प्रवेशित छात्रों को ही इस अंतिम अनुकंपा अवसर प्राप्त करने की पात्रता होगी। इसके पूर्व प्रवेशित छात्रों को पात्रता नही होने कारण इस अवसर का लाभ नही दिया जावेगा।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम में प्रवेश का वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | बी.आर्क | वर्ष 2013 |
| 02 | बी.ई. / बी.फार्मेसी. / बी.ई. (पार्ट–टाइम) | वर्ष 2014 |
| 03 | एम.ई. / एम.टेक. (पार्ट–टाइम) | वर्ष 2016 |
| 04 | एम.ई. / एम.टेक. / एम.फार्मेसी | वर्ष 2017 |
| 05 | एम.सी.ए. | वर्ष 2017 |

इस अंतिम अनुकंपा अवसर को प्राप्त करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में (संलग्न) नॉन–ज्युडिशियल रू.100 / – के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित होने पर ही स्वाकार्य किया जावेगा। शैक्षणिक अंतराल (GAP) 2 वर्ष या उससे अधिक होने की स्थिति में नॉन–ज्युडिशियल रू. 100 / – के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र गेप–सर्टिफिकेट (GAP Certificate) भी पृथक से प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित होने की स्थिति में ही स्वाकार्य किया जावेगा।

उक्त वांछित शपथ–पत्र एवं अंकसूचियों की छाया प्रति प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित कराकर विश्वविद्यालय में दिनांक 09 / 11 / 2022 या उसके पूर्व प्रस्तुत करने पर समिति द्वारा आपके आवेदन का परीक्षण किया जावेगा उसके उपरांत अंतिम अनुकम्पा अवसर का लाभ उपरोक्तानुसार प्राप्त कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों / शपथ–पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।**

संलग्न : शपथ–पत्र का प्रारूप

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

# अंतिम अनुकंपा अवसर हेतु शपथ –पत्र

**(अध्यादेश क्रं. 12 की कण्डिका क्रं. 24.1.4)**

छात्र/छात्रा का नाम..........................................................................................पिता का नाम.................................................................
आयु............वयस्क, निवास/पता.........................................................................................................................................................
................................................................................................................................................................................ मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि:–

01 .मैं संस्था..........................................................................................................................पाठ्यक्रम..........................ब्रॉच.................. का छात्र हूँ, मेरा नामांकन क्रमांक.................................................................................।

02. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रम की अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया हूँ इसलिये मैं उक्त पाठ्यक्रम के अध्यांदेश अनुसार NFTE का छात्र हूँ।

03. विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रं. 12 की कण्डिका क्रं. **24.1.4** में निहित प्रावधानों के अनुसार 01 अंतिम अनुकम्पा अवसर प्राप्त करना चाहता/चाहती हूँ। यह मेरे लिये अंतिम अवसर होगा, भविष्य में इस अवसर को उदाहरण के रूप में नही माना जावेगा तथा किसी भी प्रकार की दावेदारी/वैधानिक कार्यवाही नहीं करूँगा/करूगीं।

04. अध्यादेश क्रं. 12 की कण्डिका क्रं. **24.1.4** में प्रावधान अनुसार, मैं निम्न सेमेस्टर एवं विषयो में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ। जिनका अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधानुसार सकल योग 05 सैद्वांतिक एवं 05 प्रायोगिक विषयो से अधिक नही है। जिनका विवरण निम्नांनुसार है।

(A)सेमेस्टर.................विषय कोड ...............................,...............................,...............................,...............................,...................

(B)सेमेस्टर..................विषय कोड ...............................,...............................,...............................,...............................,...................

05. मैं NFTE छात्र/छात्रा हूँ। विश्वविद्यालय के अध्यांदेश क्रं. 12 की कण्डिका क्रं. **24.1.4** में प्रावधान अनुसार अंतिम अनुकंपा अवसर के विचार क्षेत्र की परिधि में आता हूँ।

06. मेरा उक्त संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।

07. वर्तमान में परीक्षा सत्र **दिसम्बर–2022** की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर......................................**

**शपथकर्ता का नाम..............................................**

## संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे

मैं सत्यापित करता हूँ कि छात्र/छात्रा का नाम...................................................................................................पाठ्यक्रम........................... ब्रॉच.........................नामांकन कमांक..................................................सेमेस्टर..............................परीक्षा सत्र **दिसम्बर 2022** के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रं. 12 की कण्डिका क्रं. **24.1.4** में निहित प्रावधानों के अनुसार अनुर्तीण विषयो का योग 05 सैद्वांतिक एवं 05 प्रायोगिक विषयो से अधिक नही है। NFTE के प्रकरण से सम्बंधित छात्र/छात्रा के लिये यह अंतिम अनुकम्पा अवसर होगा।

**प्राचार्य/संचालक के हस्ताक्षर/पदनाम सील सहित**

*** उक्त शपथ पत्र 100/–रु के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।**

# शपथ–पत्र का प्रारुप

**(शैक्षणिक अंतराल/गैप हेतु)**

छात्र/छात्रा का नाम.............................................................................................पिता का नाम...................................................आयु..............
वयस्क, निवास/पता.......................................................................................................................................................................................
.........................................................................................................................................................मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित
कथन करता/करती हूॅ किः–

01. यह कि मैं संस्था..................................................................................................................................का छात्र/छात्रा हूॅ, मेरा रोल नं0/नामांकन क्रमांक...............................................................................है।
02. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया/पाई हूॅ इसलिये मै फिर से प्रवेश की अनुमति चाहता/चाहती हूॅ।
03. यह कि मेरे द्वारा सत्र............................. तक अध्ययन करने के पश्चात् मेरे निजी कारण से मेरे अध्ययन में ऑज दिनॉक तक का शैक्षणिक अंतराल/गैप है।
04. मेरे द्वारा वर्णित शैक्षणिक अंतराल/गैप के समय कोई भी न्यायलीन प्रकारण नही है, एवं उक्त अवधि में किसी भी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत् नही था एवं गैप अवधि में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है।
05. मेरा संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।
06. वर्तमान में परीक्षा सत्र .....................................की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूॅ।
07. यह कि यह शपथ पत्र मेरे शिक्षा क्षेत्र में आये अंतराल (गैप) के संबंध में आवश्यक होने से प्रस्तुत किया जा रहा है।
08. शपथ पत्र के साथ................................................. सेमेस्टर की अंक सूची की सत्यापित प्रति जमा की जा रही है।
09. उपरोक्त शपथ पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि................................................. में प्रस्तुत कर रहा/रही हूॅ।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर.........................**

**शपथकर्ता का नाम................................**

## संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे

मैं सत्यापित करता हूॅ कि छात्र/छात्रा का नाम...............................................................................नामांकन क्रमांक.......................................
सेमेस्टर...................परीक्षा सत्र...............................के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। यह मेरे द्वारा सत्यापित किया जाता है।

**प्राचार्य/संचालक के हस्ताक्षर/पदनाम सील सहित**

* उक्त शपथ पत्र 100/–रु के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।